**Series HMJ/3**

**SET-3**

कोड नं.
Code No. **61/3/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| **नोट** | **NOTE** |
|---|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **17 + 1** मानचित्र हैं । | (I) Please check that this question paper contains **17** printed pages **+ 1** Map. |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **31** प्रश्न हैं । | (III) Please check that this question paper contains **31** questions. |
| (IV) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । | (IV) Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it. |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# इतिहास

# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पूरी तरह से पालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न-पत्र में **पाँच** खण्ड हैं – **क, ख, ग, घ** और **ङ** । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **20** तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **एक शब्द** या **एक वाक्य** में दीजिए ।*

*(iii)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **21** से **24** तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **100** शब्दों में दीजिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **25** से **27** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **8** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **350** शब्दों में दीजिए ।*

*(v)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **28** से **30** तक स्रोत आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है ।*

*(vi)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **31** मानचित्र प्रश्न है, जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण मदों को पहचानना और स्थान अंकित करना शामिल है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए और साथ ही उपर्युक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(viii)* *कोई समग्र विकल्प नहीं है । तथापि, एक-एक अंक के **दो** प्रश्नों में, तीन-तीन अंकों के **एक** प्रश्न में, आठ-आठ अंकों के **तीन** प्रश्नों में और मानचित्र प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिया गया है । ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर दीजिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क *1×20=20*

**1.** भारत के किस राज्य में हड़प्पा सभ्यता का कालीबंगन पुरास्थल स्थित था ? *1*

**2.** भारत के उन दो नगरों के नाम लिखिए जिनका इब्न बतूता ने दौरा किया और विश्ववादी संस्कृति पाई । *1*

**3.** निम्नलिखित दो स्तम्भों का सही मिलान कीजिए : *1*

| | *स्तम्भ I* | | *स्तम्भ II* |
|---|---|---|---|
| a. | अल-बिरूनी | i. | मोरक्को |
| b. | इब्न बतूता | ii. | समरकंद |
| c. | मार्को पोलो | iii. | इटली |
| d. | अब्दुर रज़ाक | iv. | उज़्बेकिस्तान |

**उत्तर विकल्प :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | iv | ii |
| (B) | ii | i | iii | iv |
| (C) | iv | i | iii | ii |
| (D) | iii | ii | iv | i |

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper comprises **five** sections – **A, B, C, D** and **E**. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* ***Section A** – Questions number **1** to **20** are very short-answer type questions, carrying **1** mark each. They are required to be answered in **one word** or **one sentence** each.*

*(iii)* ***Section B** – Questions number **21** to **24** are short-answer type questions, carrying **3** marks each. Answers to each of them should not exceed **100** words.*

*(iv)* ***Section C** – Questions number **25** to **27** are long-answer type questions, carrying **8** marks each. Answers to each of them should not exceed **350** words.*

*(v)* ***Section D** – Questions number **28** to **30** are source based questions, carrying **6** marks each.*

*(vi)* ***Section E** – Question number **31** is a map question that includes identification and location of significant test items. Attach the map with the answer-book.*

*(vii)* *Answers should be brief and to the point also the above word limit be adhered to as far as possible.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **2** questions of one mark, **1** question of three marks, **3** questions of eight marks and the map question. You have to attempt only one of the choices in such questions.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION A

*1×20=20*

**1.** In which State of India is Kalibangan site of Harappan civilization located ? *1*

**2.** Name the two cities of India which Ibn Battuta visited and found a cosmopolitan culture. *1*

**3.** Match the following two columns correctly : *1*

| | *Column I* | | *Column II* |
|---|---|---|---|
| a. | Al-Biruni | i. | Morocco |
| b. | Ibn Battuta | ii. | Samarqand |
| c. | Marco Polo | iii. | Italy |
| d. | Abdur Razzaq | iv. | Uzbekistan |

**Answer options :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | iv | ii |
| (B) | ii | i | iii | iv |
| (C) | iv | i | iii | ii |
| (D) | iii | ii | iv | i |

**4.** ईसा पूर्व प्रथम सहस्राब्दि के मध्य का काल विश्व इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ माना जाता है ।

निम्नलिखित में से ***ग़लत*** विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) विश्व के विद्वानों ने इंसानों और विश्व व्यवस्था के बीच संबंधों को समझने की कोशिश की ।

(B) लोग जीवन और पुनर्जन्म का अर्थ समझने के बारे में भली प्रकार जिज्ञासु थे ।

(C) वेदों के प्रभुत्व पर बुद्ध और महावीर ने सवालिया निशान उठाए ।

(D) महाजनपदों का आविर्भाव और लोहे का उपयोग हुआ ।

**5.** साँची के स्तूप क्यों बच गए, जबकि अमरावती नष्ट हो गया ? निम्नलिखित विकल्पों में से सही कारण का चयन कीजिए : *1*

(A) साँची, सम्राट शाहजहाँ द्वारा संरक्षित था ।

(B) बंगाल की एशियाटिक सोसायटी ने इसको सुरक्षित रखने की कोशिश की ।

(C) कॉलिन मैकेंज़ी ने अपनी साँची की जानकारी समर्पित कर दी ।

(D) अमरावती के नष्ट होने के बाद ही, विद्वान स्थल पर संरक्षण का महत्त्व समझ सके ।

**6.** प्राचीन काल में यूनान की कला के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. यूनान के मॉडलों के आधार पर बुद्ध और बोधिसत्त की मूर्तियों की खोज की गई ।

II. तक्षशिला और पेशावर जैसे नगरों में मूर्तियाँ मिली थीं ।

III. भारतीय-यूनानी शासकों ने उत्तर-पश्चिम भारत में शासन किया ।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-से कथन सही हैं ? *1*

(A) I और II

(B) II और III

(C) I, II और III

(D) केवल I

**7.** बोधिसत्त कौन थे ? *1*

**अथवा**

वाल्टर एलियट कौन था ? *1*

**4.** The mid-first millennium BCE was regarded as a turning point in world history.

Choose the ***incorrect*** option from the following : *1*

(A) Scholars of the world tried to understand the relationship of humans with the cosmic world.

(B) People were curious about the meaning of life and rebirth.

(C) Buddha and Mahavira questioned the authority of Vedas.

(D) Emergence of Mahajanapadas and use of iron.

**5.** Why did Sanchi Stupas survive while the Amaravati did not ? Choose the correct reason from the following options : *1*

(A) Sanchi was protected by Emperor Shah Jahan.

(B) Asiatic Society of Bengal tried to conserve it.

(C) Colin Mackenzie dedicated his volumes on Sanchi.

(D) Scholars understood the value of preservation at site after the fall of Amaravati.

**6.** Consider the following statements regarding the Greek School of Art in the ancient period :

I. Images of Buddha and Bodhisattas were discovered based on the Greek models.

II. Images were found in cities like Taxila and Peshawar.

III. Indo-Greek rulers ruled in north-west India.

Which of the above mentioned statements are correct ? *1*

(A) I and II

(B) II and III

(C) I, II and III


(D) Only I

**7.** Who were Bodhisattas ? *1*

**OR**

Who was Walter Elliot ? *1*

**8.** नीचे दिए गए चित्र का अवलोकन कीजिए । इस संरचना की पहचान कीजिए और उसका नाम लिखिए । *1*



***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. 8 के स्थान पर है :*

मथुरा क्षेत्र के सबसे महत्त्वपूर्ण 'देवता' का नाम लिखिए । *1*

**9.** भारत के उस संगठन का नाम लिखिए जो पुरातत्त्वीय उत्खननों के माध्यम से हड़प्पा के खण्डहरों को पहचानने का प्रयास कर रहा है । *1*

**अथवा**

*"द स्टोरी ऑफ इंडियन आर्कियोलॉजी"* के लेखक का नाम लिखिए । *1*

**10.** चौदहवीं शताब्दी में भारतीय उपमहाद्वीप के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन पर इब्न बतूता द्वारा लिखी गई पुस्तक का नाम लिखिए । *1*

**11.** निम्नलिखित यूरोपीय व्यापारिक कंपनियों में से कौन-सी एक ***बेमेल*** है ? *1*

(A) पुर्तगालियों ने पणजी में
(B) अंग्रेज़ों ने मद्रास में
(C) फ्रांसीसियों ने पांडिचेरी में (पुदुचेरी)
(D) डचों ने बम्बई में

**12.** हिल स्टेशन (पर्वतीय सैरगाह) औपनिवेशिक शहरी विकास की एक विशिष्ट विशेषता थी । शिमला को छोड़ कर दो अन्य हिल स्टेशनों के नाम लिखिए, जो अंग्रेज़ों की आवश्यकताओं से जुड़े थे । *1*


**13.** निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए :

I. अवध में एकमुश्त लगान बंदोबस्त लागू
II. अवध में सहायक संधि को थोपना
III. आज़मगढ़ घोषणा
IV. सती प्रथा का अंत

निम्नलिखित विकल्पों में से सही कालक्रमिक क्रम का चयन कीजिए : *1*

(A) I – II – III – IV
(B) III – II – I – IV
(C) II – I – III – IV
(D) II – IV – I – III

**8.** Look at the figure given below. Identify and name this structure. *1*



***Note :*** *The following question is for* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 8 :*

Name the most important 'deity' of the Mathura region. *1*

**9.** Name the organisation of India which is trying to identify Harappan ruins through archaeological excavations. *1*

**OR**

Name the author of *"The Story of Indian Archaeology"*. *1*

**10.** Name the book written by Ibn Battuta on the social and cultural life of the Indian subcontinent in the fourteenth century. *1*

**11.** Which one of the following European commercial companies is ***wrongly*** matched ? *1*

(A) Portuguese in Panaji
(B) British in Madras
(C) French in Pondicherry (Puducherry)
(D) Dutch in Bombay

**12.** Hill stations were a distinctive feature of colonial urban development. Name the other two hill stations connected with British needs other than Shimla. *1*

**13.** Consider the following events :

I. Summary Revenue Settlement in Awadh
II. Imposition of Subsidiary Alliance on Awadh
III. Azamgarh Proclamation
IV. Abolition of Sati System

Choose the correct chronological order from the following options : *1*

(A) I – II – III – IV
(B) III – II – I – IV
(C) II – I – III – IV
(D) II – IV – I – III

**14.** नीचे दी गई जानकारी को पढ़िए और स्थापत्य शैली को पहचानिए तथा उसका नाम लिखिए । *1*

- ऊँची उभरी छतें
- नुकीले मेहराब
- विस्तृत साज-सज्जा

**15.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को *दृढ़कथन (A)* के रूप में जाना गया है और दूसरे को *कारण (R)* के रूप में जाना गया है । *1*

*दृढ़कथन (A) :* लॉर्ड डलहौज़ी ने अवध की रियासत के बारे में कहा था कि "ये गिलास फल (cherry) एक दिन हमारे ही मुँह में आकर गिरेगा" ।

*कारण (R) :* अवध की ज़मीन नील और कपास की खेती के लिए अच्छी थी ।

**उत्तर विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) सही नहीं है ।

(D) (R) सही है, परन्तु (A) सही नहीं है ।

**16.** इटली के उस यात्री का नाम लिखिए, जिसने सत्रहवीं सदी के भारत में बड़ी अद्‌भुत यात्रा में नकद और चाँदी के सजीव चित्र पेश किए । *1*

**17.** नीचे दी गई जानकारी को पढ़िए और विजयनगर साम्राज्य के भवन की पहचान कीजिए व उसका नाम लिखिए : *1*

- राजकीय केन्द्र का सबसे सुंदर भवन ।
- अंग्रेज़ यात्रियों ने उन्नीसवीं सदी में उसका नामकरण किया था ।
- इसका नाम रोमांचक है, लेकिन इतिहासकार इस बारे में निश्चित नहीं हैं कि यह भवन किस उपयोग के लिए था ।

**18.** किस युद्ध में विजयनगर के शासक को बीजापुर, अहमदनगर तथा गोलकुण्डा की संयुक्त सेनाओं द्वारा शिकस्त मिली ? *1*

**19.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : *1*

परंपरा और अभिलेखीय साक्ष्यों के अनुसार, विजयनगर साम्राज्य की स्थापना _________ और _________ ने, 1336 में की ।

**20.** निम्नलिखित मंदिरों में से कौन-सा मंदिर था, जिसका उपयोग केवल विजयनगर के शासकों और उनके परिवारों द्वारा किया जाता था ? *1*

(A) विट्ठल मंदिर

(B) विरुपक्ष मंदिर

(C) हज़ार राम मंदिर

(D) लोट्स मंदिर

**14.** Read the information given below and identify and name the architectural styles. *1*

- High Pitched Roofs
- Pointed Arches
- Detailed Decoration

**15.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). *1*

*Assertion (A) :* Lord Dalhousie considered the Kingdom of Awadh as a "cherry that will drop into our mouth one day".

*Reason (R) :* Soil of Awadh was good for producing indigo and cotton.

**Answer options :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of A.

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is not correct.

(D) (R) is correct, but (A) is not correct.

**16.** Name the Italian traveller who provided a graphic account of cash and silver transactions in the seventeenth-century India. *1*

**17.** Read the information given below and identify and name the building of the Vijayanagara Empire : *1*

- The most beautiful building in the Royal Centre.
- Named by British travellers in the nineteenth century.
- Its name is romantic, but historians are not sure what the building was used for.

**18.** In which battle was Vijayanagara's ruler routed by the combined armies of Bijapur, Ahmadnagar and Golconda ? *1*

**19.** Fill in the blanks. *1*

According to tradition and epigraphic evidence, ___________ and __________ founded the Vijayanagara Empire in 1336.

**20.** Which one of the following temples was used only by Vijayanagara rulers and their families ? *1*

(A) The Vitthala Temple

(B) The Virupaksha Temple

(C) The Hazara Rama Temple

(D) The Lotus Temple

## खण्ड ख 3×4=12

**21.** मुग़ल परिवार में पत्नियों (बेग़मों) के बीच भेद को किस प्रकार बनाए रखा जाता था ? स्पष्ट कीजिए । *3*

**22.** " 'भारत छोड़ो आंदोलन' सही मायनों में एक जन आंदोलन था ।" तर्कों सहित इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । *3*

**23.** औपनिवेशिक काल में पहाड़ियों के सामाजिक जीवन के किन्हीं तीन पहलुओं का वर्णन कीजिए । *1×3=3*

**24.** "हड़प्पाई धर्म के कई पुनर्निर्माण अनुमान के आधार पर किए गए हैं ।" इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए । *3*

**अथवा**

"उत्तर हड़प्पा बस्तियाँ अथवा 'अनुवर्ती संस्कृतियाँ' एक ग्रामीण जीवन शैली की ओर संकेत करती हैं ।" इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए । *3*

## खण्ड ग 8×3=24

**25.** "महाभारत एक जटिल ग्रन्थ है ।" इस कथन की पुष्टि उन इतिहासकारों के संदर्भ में कीजिए, जिन्होंने विभिन्न तत्त्वों के साथ इसका विश्लेषण किया है । *4×2=8*

**अथवा**

"महाभारत, बंधुता और सामाजिक संबंधों के आधार पर एक कहानी है ।" इस कथन की पुष्टि उदाहरणों सहित कीजिए । *8*

**26.** इस्लाम के विश्वासों (प्रत्यय) के दर्शन का वर्णन कीजिए । *8*

**अथवा**

मीरा बाई के जीवन और उनके विश्वासों का वर्णन कीजिए । *8*

**27.** भारत के विभाजन के परिणामों की परख कीजिए । *8*

**अथवा**

"कुछ विद्वान यह मानते हैं कि देश का बँटवारा साम्प्रदायिक राजनीति का आख़िरी बिन्दु था ।" इस कथन की परख उपयुक्त बिन्दुओं से कीजिए । *8*

## SECTION B *3×4=12*

**21.** How was the distinction maintained between wives in the Mughal household ? Explain. *3*

**22.** " 'Quit India Movement' was genuinely a mass movement." Justify the statement with arguments. *3*

**23.** Describe any three aspects of Paharias' social life during colonial period. *1×3=3*

**24.** "Many reconstructions of Harappan religion are made on assumptions." Support the statement with examples. *3*

**OR**

"Late Harappan settlement or 'successor cultures' indicate a return to rural way of life." Support the statement with examples. *3*

## SECTION C *8×3=24*

**25.** "Mahabharata is a complex text." Support the statement in the context of historians who have analysed it with various elements. *4×2=8*

**OR**

"Mahabharata is a story based on kinship and social relations." Support the statement with examples. *8*

**26.** Describe the philosophy of beliefs of Islam. *8*

**OR**

Describe the life and beliefs of Meera Bai. *8*

**27.** Examine the consequences of the partition of India. *8*

**OR**

"Some scholars see partition as a culmination of communal politics." Examine the statement with suitable points. *8*

## खण्ड घ

**6×3=18**

**28.** निम्नलिखित स्रोत का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**"मेरा मानना है कि पृथक निर्वाचिका अल्पसंख्यकों के लिए आत्मघाती साबित होगी ।"**

27 अगस्त 1947 को संविधान सभा की बहस में गोविंद वल्लभ पंत ने कहा था :

मेरा मानना है कि पृथक निर्वाचिका अल्पसंख्यकों के लिए आत्मघाती साबित होगी और उन्हें बहुत भारी नुकसान पहुँचाएगी । अगर उन्हें हमेशा के लिए अलग-थलग कर दिया गया तो वे कभी भी खुद को बहुसंख्यकों में रूपांतरित नहीं कर पाएँगे । निराशा का भाव शुरू से उन्हें अपंग बना देगा । आप क्या चाहते हैं और हमारा अंतिम उद्देश्य क्या है ? क्या अल्पसंख्यक हमेशा अल्पसंख्यकों के रूप में ही रहना चाहते हैं या वे भी एक दिन एक महान राष्ट्र का अभिन्न अंग बनने और उसकी नियति को निर्धारित व नियंत्रित करने का सपना देखते हैं ? मेरा विचार है कि अगर उन्हें शेष समुदाय से अलग रखा जाता है और ऐसे हवाबंद कमरे में काटकर रखा जाता है जहाँ उन्हें हवा के लिए भी औरों पर निर्भर रहना पड़ेगा तो यह उनके लिए भयानक रूप से खतरनाक होगा... । अगर अल्पसंख्यक पृथक निर्वाचिकाओं से जीतकर आते रहे तो कभी प्रभावी योगदान नहीं दे पाएँगे ।

(28.1) "संविधान सभा में कुछ नेताओं ने पृथक निर्वाचिका के लिए तर्क दिए ।" इस कथन की परख कीजिए । *2*

(28.2) प्रस्ताव का विरोध करने में गोविन्द वल्लभ पंत के विचारों का विश्लेषण कीजिए । *2*

(28.3) उन तर्कों का विश्लेषण कीजिए जिन्होंने भारत को एक मज़बूत एकीकृत राष्ट्र-राज्य बनाया है । *2*

**29.** निम्नलिखित स्रोत का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**प्रभावती गुप्त और दंगुन गाँव**

प्रभावती गुप्त ने अपने अभिलेख में यह कहा है :

प्रभावती ग्राम कुटुंबिनों (गाँव के गृहस्थ और कृषक), ब्राह्मणों, और दंगुन गाँव के अन्य वासियों को आदेश देती है ...

## SECTION D

*6×3=18*

**28.** Read the following source carefully and answer the questions that follow :

**"I believe separate electorates will be suicidal to the minorities"**

During the debate on 27 August 1947, Govind Ballabh Pant said :

> I believe separate electorates will be suicidal to the minorities and will do them tremendous harm. If they are isolated for ever, they can never convert themselves into a majority and the feeling of frustration will cripple them even from the very beginning. What is it that you desire and what is our ultimate objective ? Do the minorities always want to remain as minorities or do they ever expect to form an integral part of a great nation and as such to guide and control its destinies ? If they do, can they ever achieve that aspiration and that ideal if they are isolated from the rest of the community ? I think it would be extremely dangerous for them if they were segregated from the rest of the community and kept aloof in an air-tight compartment where they would have to rely on others even for the air they breathe ... The minorities if they are returned by separate electorates can never have any effective voice.

(28.1) "Some leaders in the Constituent Assembly argued for the continuation of separate electorates." Examine the statement. *2*

(28.2) Analyse the perspective of Gobind Ballabh Pant in opposing the proposal. *2*

(28.3) Analyse the arguments made on making India a strong unified nation state. *2*

**29.** Read the following source carefully and answer the questions that follow :

**Prabhavati Gupta and the village of Danguna**

This is what Prabhavati Gupta states in her inscription :

> Prabhavati Gupta ... commands the *gramakutumbinas* (householders/peasants living in the village), Brahmanas and others living in the village of Danguna ...

"आपको ज्ञात हो कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को धार्मिक पुण्य प्राप्ति के लिए इस ग्राम को जल अर्पण के साथ आचार्य चनालस्वामी को दान किया गया है । आपको इनके सभी आदेशों का पालन करना चाहिए ।

एक *अग्रहार* के लिए उपयुक्त निम्नलिखित रियासतों का निर्देश भी देती हूँ । इस गाँव में पुलिस या सैनिक प्रवेश नहीं करेंगे । दौरे पर आने वाले शासकीय अधिकारियों को यह गाँव घास देने और आसन में प्रयुक्त होने वाली जानवरों की खाल और कोयला देने के दायित्व से मुक्त है । साथ ही वे मदिरा खरीदने और नमक हेतु खुदाई करने के राजसी अधिकार को कार्यान्वित किए जाने से मुक्त हैं । इस गाँव को खनिज-पदार्थ और *खदिर* वृक्ष के उत्पाद देने से भी छूट है । फूल और दूध देने से भी छूट है । इस गाँव का दान इसके भीतर की संपत्ति और बड़े-छोटे सभी करों सहित किया गया है ।"

इस राज्यादेश को 13वें राज्य वर्ष में लिखा गया है और इसे चक्रदास ने उत्कीर्ण किया है ।

(29.1) रानी प्रभावती गुप्त ने किस प्रकार धार्मिक पुण्य प्राप्ति का प्रयास किया ? *2*

(29.2) भूमि दान करने के असामान्य पहलू की व्याख्या कीजिए । *2*

(29.3) यह शिलालेख हमें राज्य और जन सामान्य के बीच संबंधों के बारे में क्या बताता है ? स्पष्ट कीजिए । *2*

**30.** निम्नलिखित स्रोत का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**पेड़ों और खेतों की सिंचाई**

यह *बाबरनामा* से लिया गया एक अंश है जो सिंचाई के उन उपकरणों के बारे में बताता है जो इस बादशाह ने उत्तर भारत में देखे :

हिंदुस्तान के मुल्क का ज़्यादातर हिस्सा मैदानी ज़मीन पर बसा हुआ है । हालांकि यहाँ शहर और खेती लायक ज़मीन की बहुतायत है, लेकिन कहीं भी बहते पानी (का इंतज़ाम) नहीं... वे इसलिए... कि फ़सल उगाने या बाग़ानों के लिए पानी की बिलकुल ज़रूरत नहीं है । शरद ऋतु की फ़सलें बारिश के पानी से ही पैदा हो जाती हैं; और ये हैरानगी की बात है कि बसंत ऋतु की फ़सलें तो तब भी पैदा हो जाती हैं जब बारिश बिलकुल ही नहीं होती । (फिर भी) छोटे पेड़ों तक बालटियों या रहट के ज़रिये पानी पहुँचाया जाता है...

"Be it known to you that on the twelfth (lunar day) of the bright (fortnight) of Karttika, we have, in order to increase our religious merit donated this village with the pouring out of water, to the Acharya (teacher) Chanalasvamin ... You should obey all (his) commands ...

We confer on (him) the following exemptions typical of an *agrahara* ... (this village is) not to be entered by soldiers and policemen; (it is) exempt from (the obligation to provide) grass, (animal) hides as seats, and charcoal (to touring royal officers); exempt from (the royal prerogative of) purchasing fermenting liquors and digging (salt); exempt from (the right to) mines and *khadira* trees; exempt from (the obligation to supply) flowers and milk; (it is donated) together with (the right to) hidden treasures and deposits (and) together with major and minor taxes ..."

This charter has been written in the thirteenth (regnal) year. (It has been) engraved by Chakradasa.

(29.1) How did Queen Prabhavati Gupta try to earn religious merit ? *2*

(29.2) Explain the unusual aspect of the Land Grant. *2*

(29.3) What does this inscription tell us about the relationship between the state and the ordinary people ? Explain. *2*

**30.** Read the following source carefully and answer the questions that follow :

**Irrigating trees and fields**

This is an excerpt from the *Babur Nama* that describes the irrigation devices the emperor observed in northern India :

The greater part of Hindustan country is situated on level land. Many though its towns and cultivated lands are, it nowhere has running waters ... For ... water is not at all a necessity in cultivating crops and orchards. Autumn crops grow by the downpour of the rains themselves; and strange it is that spring crops grow even when no rains fall. (However) to young trees, water is made to flow by means of buckets or wheels ...

लाहौर, दीपालपुर (दोनों ही आज के पाकिस्तान में) और ऐसी दूसरी जगहों पर लोग रहट के ज़रिए सिंचाई करते हैं । वे रस्सी के दो गोलाकार फ़ंदे बनाते हैं जो कुएँ की गहराई के मुताबिक लंबे होते हैं । इन फ़ंदों में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर वे लकड़ी के गुटके लगाते हैं और इन गुटकों पर घड़े बाँध देते हैं । लकड़ी के गुटकों और घड़ों से बँधी इन रस्सियों को कुएँ के ऊपर पहियों से लटकाया जाता है । पहिये की धुरी पर एक और पहिया । इस अंतिम पहिये को बैल के ज़रिये घुमाया जाता है; इस पहिये के दाँत पास के दूसरे पहिये के दाँतों को जकड़ लेते हैं और इस तरह घड़ों वाला पहिया घूमने लगता है । घड़ों से जहाँ पानी गिरता है, वहाँ एक संकरा नाला खोद दिया जाता है और इस तरीके से हर जगह पानी पहुँचाया जाता है ।

आगरा, चाँदवर और बयाना (आज के उत्तर प्रदेश में) में और ऐसे अन्य इलाकों में भी, लोग-बाग बालटियों से सिंचाई करते हैं । कुएँ के किनारे पर वे लकड़ी के कन्ने गाड़ देते हैं, इन कन्नों के बीच बेलन टिकाते हैं, एक बड़ी बालटी में रस्सी बाँधते हैं, रस्सी को बेलन पर लपेटते हैं और इसके दूसरे छोर को बैल से बाँध देते हैं । एक शख़्स को बैल हाँकना पड़ता है, दूसरा बालटी से पानी निकालता है ।

(30.1) मुग़ल काल के दौरान लाहौर में प्रयुक्त किए गए सिंचाई के स्रोतों को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *2*

(30.2) आगरा में भूमि की सिंचाई के लिए किन विधियों का उपयोग किया गया था ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । *2*

(30.3) सिंचाई परियोजनाओं को किस प्रकार मुग़ल राज्य की मदद मिली ? *2*

## खण्ड ङ
## (मानचित्र आधारित प्रश्न) *1×6=6*

**31.** (31.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर), में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए । *1×3=3*

(i) आगरा **या** दिल्ली – मुग़ल राजधानी नगर

(ii) चम्पारन **या** दाण्डी – महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय आंदोलन के केन्द्र

(iii) झाँसी – 1857 के विद्रोह का मुख्य केन्द्र

(31.2) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र में बौद्ध धर्म से संबंधित तीन स्थानों को अंकित किया गया है, उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए । *1×3=3*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. 31 के स्थान पर हैं :*

(31.1) किन्हीं तीन महाजनपदों के नाम लिखिए । *1×3=3*

(31.2) मुग़ल साम्राज्य के किन्हीं तीन राजधानी नगरों के नाम लिखिए । *1×3=3*

In Lahore, Dipalpur (both in present-day Pakistan) and those other parts, people water by means of a wheel. They make two circles of rope long enough to suit the depths of the well, fix strips of wood between them, and on these fasten pitchers. The ropes with the wood and attached pitchers are put over the wheel-well. At one end of the wheel-axle a second wheel is fixed, and close to it another on an upright axle. The last wheel the bullock turns; its teeth catch in the teeth of the second (wheel), and thus the wheel with the pitchers is turned. A trough is set where the water empties from the pitchers and from this the water is conveyed everywhere.

In Agra, Chandwar, Bayana (all in present-day Uttar Pradesh) and those parts again, people water with a bucket ... At the well-edge they set up a fork of wood, having a roller adjusted between the forks, tie a rope to a large bucket, put the rope over a roller, and tie its other end to the bullock. One person must drive the bullock, another empty the bucket.

(30.1) Explain with examples, the sources of irrigation used in Lahore during Mughal period. *2*

(30.2) Which systems were used in Agra for irrigating lands ? Explain with examples. *2*

(30.3) How did the irrigation projects receive the support of the Mughal state ? *2*

## SECTION E

### (Map Based Question) *1×6=6*

**31.** (31.1) On the given political outline map of **India** (on page 19), locate and label the following with appropriate symbols. *1×3=3*

(i) Agra **or** Delhi – Mughal Capital Cities

(ii) Champaran **or** Dandi – Important National Movement Centres

(iii) Jhansi – Main Centre of the Revolt of 1857

(31.2) On the same outline map of **India**, three places related to Buddhism have been marked. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. *1×3=3*

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates,** only in lieu of Q. No. 31 :*

(31.1) Name any three Mahajanapadas. *1×3=3*

(31.2) Name any three capital cities of the Mughal empire. *1×3=3*

प्रश्न सं. 31.1 और 31.2 के लिए

For question no. 31.1 and 31.2

